# सर्वोच्च न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के निर्णय पर अंतरिम रोक लगाने से किया इनकार

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के उस निर्णय पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग **और अत्यंत पिछड़ा वर्ग** के लिये **लोक नियोजन** तथा **शैक्षणिक संस्थानों** में **आरक्षण को 50% से बढ़ाकर 65%** करने के निर्णय को रद्द कर दिया गया था।

## मुख्य बिंदु

- पटना उच्च न्यायालय ने **बिहार में संशोधित** आरक्षण कानून को रद्द कर दिया, जिसके तहत **दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिये कोटा 50% से बढ़ाकर 65%** कर दिया गया था। न्यायालय ने संशोधनों को **संविधान के "**अधिकारातीत**" (Ultra Vires), "विधि की दृष्टि से दोषपूर्ण" (Bad in Law) और "समता खंड का उल्लंघन"** करार दिया।
    - ये संशोधन एक **जाति सर्वेक्षण** के बाद किये गए थे, जिसमें **अन्य पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग का प्रतिशत** राज्य की **कुल जनसंख्या का 63%** था जबकि **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत 21%** से अधिक था।
- **आरक्षण** कोटा **बढ़ाए जाने के बाद**, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिये आरक्षण सहित **राज्य में कुल 75% सीटें आरक्षित हुईं।**

## आरक्षण

- आरक्षण**, निश्चयात्मक विभेद का एक रूप** है, जिसे **हाशियाई वर्गों में समता को बढ़ावा देने** और उन्हें सामाजिक तथा दीर्घकालिक अन्याय से संरक्षण प्रदान करने के लिये निरूपित किया गया है।
- यह **रोज़गार और शिक्षा तक पहुँच** में समाज के **हाशियाई वर्गों को अधिमानी सुविधा** प्रदान करता है।
- इसे मूल रूप से वर्षों जारी भेदभाव को समाप्त करने और वंचित समूहों को बढ़ावा देने के लिये विकसित किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-declines-interim-stay-of-patna-h-decision